दिनांक 20.08.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# आयुक्त ने विभिन्न निर्माणाधीन कार्यो का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत सीसी रोड निर्माण, मोहल्ले एवं नालियों की सफाई, जीव्हीपी प्वाइंट, निर्माणाधीन डोम शेड, स्कूल एवं वेडिंग जोन का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त ने वार्ड पार्षद पति दिवाकर के साथ वार्ड क्रं. 32 बैकुण्ठधाम मंदिर के पीछे निर्माणाधीन सी.सी.रोड का निरीक्षण किया। वहां मोहल्ले एवं नालियों की साफ–सफाई सहित का निरीक्षण किया गया। आवश्यक सुधार हेतु जोन स्वास्थ्य अधिकारी बिरेन्द्र बंजारे को निर्देशित किया गया है स्थानीय निवासियों से मिलकर समस्याओं के बारे में चर्चा किए। वार्ड में निर्माणाधीन डोम शेड का अवलोकन किया गया, कार्य अविलंब पूर्ण करने कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल को निर्देशित किया गया है। जीव्हीपी प्वाइंट में ब्यूटीफिकेशन कराते हुये सुधार कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। समीपस्थ युग निर्माण स्कूल का निरीक्षण कर स्कूल संचालक से जमीन एवं बिल्डिंग के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने कहां गया है। चूकि स्कूल भवन बहुत पुराना है भवन संधारण कराने हेतु चर्चा किया गया। वार्ड क्रं. 37 पावर हाउस लाल मैदान में डोम शेड निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है, जिसका स्थल अवलोकन किया गया। समीपस्थ स्थित पुलिस ग्राउण्ड के सामने नंदनी रोड साईड वेडिंग जोन निर्माण हेतु स्थल अवलोकन कर कार्यावाही हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामंणी यादव एवं श्याम ठाकुर उपस्थित रहे।

